उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2

संख्या-17/2015/वे0आ0-2-273/दस-69(सामान्य)/2010 टी0सी0

लखनऊ: दिनांक: 09 अप्रैल, 2015

परिपत्र

1- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव

2- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त (वेतन आयोग) वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन के नियंत्रणाधीन वित्त वेतनमान (नियमावली एवं विधि) प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन में निम्न तालिका के स्तम्भ-2 मे उल्लिखित पदों को तालिका के स्तम्भ-3 में उल्लिखित अर्हता धारियों में से सेवा स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है:-

क्र0 सं0	पद संख्या पदनाम/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (रू0)	तैनाती हेतु निर्धारित अर्हता
(1)	(2)	(3)
1	एक पद विशेष कार्याधिकारी (नियमावली)/ वेतन बैण्ड-3 एवं 6600/-	वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/- अथवा ग्रेड वेतन रू0 6600/- के पद पर कार्यरत कार्मिक जिन्हें वेतनमानों से सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्राप्त हों।
2	एक पद विशेष कार्याधिकारी (विधि)/वेतन बैण्ड-3 एवं 6600/-	वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/- अथवा ग्रेड वेतन रू0 6600/- के पद पर कार्यरत कार्मिक, जो विधि स्नातक सहित वेतनमानों से सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्राप्त हों।

अतएव अपने विभाग से सम्बनिधत अपेक्षित अर्हता रखने वाले कार्मिक जो उक्त प्रकोष्ठ सेवा स्थानान्तरण के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक हों, के अभ्यावेदन अपनी संस्तुति सहित अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 30 अप्रैल, 2015 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अजय अग्रवाल
सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in